सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 87 | इंदौर, मंगलवार 03 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मेरी व्यथा कथा .. और महेंद्र हार्डिया...

क्या हो रहा है जनप्रतिनिधि के आसपास... नेता की शह या चाय से केतली गरम..!

(विधायक महोदय के खास लोग हैं गुरुर में... कर रहे हैं खराब व्यवहार...)

एल एन उग्र
स्वतंत्र लेखक
मो. 9425039071

जी हां पहले मेरा परिचय... राजनीति में कितना है वह देता हूं...मैंने भी राजनीतिक वातावरण को... बहुत नजदीक से जिया... उस दौर में भी राजनीति होती थी परंतु गंदगी नहीं... सौहद्रता कायम रहती थी... गंदगी होती थी... लेकिन इतनी नहीं...जो लोग कहते हैं की राजनीति में गंदगी है... जी नहीं भाई साहब जहां राज + नीति होती है...वहां कतई गंदगी नहीं होती है... लेकिन जहां सिर्फ राजनीति होती है... वहां गंदगी होती है... वर्तमान में भी यही हो रहा है... मैं राजनीति में सेवा देखता था...विधायक आम आदमी होता था... आम आदमी जहां भी चाहे...वहां मिल सकता था... चाय पान की दुकान या चौराहे पर...ना कोई पी ए...न कोई और सीधे संपर्क होता था... शिष्य की परंपरा को अवश्य मैंने देखा है... खैर...आज मैं 'डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट' दैनिक समाचार पत्र का... पी आर ओ हूँ... कोई समाचार पत्र बड़ा-छोटा नहीं होता है... सब समान है यदि वे मूल उद्देश्य पर है तो...।

मैंने चुनौती स्वीकार की... और सोच सोचा क्यों ना इंदौर की राजनीति के...जो मुख्य चेहरे जन प्रतिनिधि हैं...उनके साथ संवाद स्थापित किया जाए... यहां यह भी उल्लेखनीय है कि... अधिकतम चेहरे जो मंचों पर दिखते हैं... मुस्कुराते हुए... वे वे नहीं होते हैं... जी हां बहुत रुखे चेहरे देखने को मिले हैं...खैर इसी क्रम में मैं... क्षेत्र क्रमांक 5 के विधायक... माननीय श्री महेंद्र हडिया जी से... संपर्क करने हेतु उनके कार्यालय पर गया... एक बार हारडिया जी को कहीं जाना था...वह आए मैंने अपना कार्ड दिया... उन्होंने जेब में रखते हुए कहा...11:00 बजे मिलूंगा... उस दिन उनकी व्यस्तता रही होगी... सो भेंट नहीं हो पाई... दो बार फिर उनसे संपर्क हुआ...लेकिन बात नहीं बनी... पिछले दिवस उनके कार्यालय पर... लगभग 9:30 पर पहुंचा...वहां जो घटना घटी... उसने मुझे लिखने पर मजबूर किया... मैं घटना लगभग जस की तस लिखने की कोशिश करता हूं...शायद उनको पता भी नहीं हो कि... उनके बाद उनके लोग कैसा व्यवहार कर रहे हैं... कार्यालय पर एक सज्जन मिले... उन्होंने मुझसे पूछा...तब मैंने अपना परिचय दिया... उन्होंने कहा आप तो घर पर ही चले जाओ... वहीं मिलेंगे... मैंने कहा भी... नहीं नहीं आएंगे तब मिलूंगा... फिर उन्होंने कहा कि... नहीं नहीं आप वहीं चले जाइए... मैं हार्डिया जी के घर के बाहर जाकर खड़ा रहा...कुछ समय बाद एक सज्जन...अपने किसी साथी के साथ नीचे उतरे... तो उनने मुझसे कहा ' कहिए ' मैंने कहा 'विधायक महोदय से मिलना है' ' क्या काम है' मैंने कार्ड देते हुए कहा 'मैं एक अखबार से हूं' ' हां तो' 'अरे भाई मैं एक अखबार स हूँ...'हां तो क्या काम है' बड़े अनमने मन से कार्ड हाथ में लिया... मैंने कहा 'अखबार वाले क्यों आते हैं' विधायक जी से मिलना है' तब वे बोले' हां तो काम बताइए ना ' मैंने कहा 'भाई एक छोटा सा संवाद परिचर्चा करनी है' उन्होंने कहा... चलते-चलते... 'नहीं अभी कोई चर्चा नहीं करेंगे' उनके व्यवहार से दुखी होकर...उनके व्यवहार से दुखी होकर मैं बोला 'अरे भाई क्या अखबार वालों से विधायक जी मिलेंगे नहीं' ...'नहीं मिलेंगे' तब मैंने कहा 'कुछ खास कारण' वे बोले' नहीं मिलेगे तो नहीं मिलेंगे' तब मैंने इस फिर से.. उनके व्यवहार से दुखी होकर पूछा...'आपका नाम क्या है सर'? (मैं चाहता तो उन्हें सर नहीं कहता...) तो उन्होंने जिस ठसके... अदा और पावर सेअपना नाम बताया... (तब भी में चौका...) एक विधायक के खास व्यक्ति या पी.ए. का या वो जो भी हो...उनका व्यवहार कैसा होना चाहिए...उन्होंने अपना नाम बताया... हर शब्द पर जोर और पावर की अदा...और गुरुर की बू आ रही थी...'डॉकटर धीरज चौधरी' यूं लगा...कि जैसे में पहली बार 'डॉक्टर 'शब्द सुन रहा हूं...या फिर वह पहली बार... डॉ रूप में अपना परिचय दे रहे हो...मैं निशब्द हो गया... उनकी शैली पर...मेरा कार्ड उन्होंने लौटाते हुए कहा...' ये उनकी कार खड़ी है...सामने उनका ऑफिस है...वह आए तब मिल लेना... तब मैंने अपनी पहचान बताई... (जो कि मुझे शायद नहीं बताना चाहिए थी...) परंतु उनकी गर्मी अधिक देखी... मैंने कहा 'मिस्टर मेरे फादर दो बार के विधायक रहे हैं... पत्रकारिता शोकिया कर रहा हूं...' तब वह थोड़े नरम पड़े...कहने लगे 'क्या नाम है उनका'... तब मैंने पिताजी का नाम ना बताते हुए... उनसे कहा कि 'मैंने चाय से केतली गरम वाली कहावत सुनी थी' ' आज देखने को भी मिली' ...तब तक वह सज्जन डॉ...क्ट...र... धी...र...ज... चौ...ध...री... जी... जा चुके थे...मैंने थोड़ी देर वेट किया... और लौटकर... संपादक महोदय को विधायक जी का संवाद साक्षात्कार नहीं होने का और अब नहीं लेने का संदेश दिया...।

■ शेष फिर...

....पाठकों के अनुरोध पर एक बार पुन: प्रकाशन ...

भाजपा कार्यालय में लगे विधायक जिंदाबाद व मुर्दाबाद के नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खंडवा। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। भाजपा-कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार में जुटे हुए हैं। सोमवार को खंडवा भाजपा कार्यालय में बैठक लेने पहुंचे इंदौर सांसद शंकर लालवानी के सामने जमकर हंगामा देखने को मिला। एक ओर विधायक समर्थकों ने खंडवा विधायक देवेंद्र वर्मा के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाए, तो वहीं दूसरी ओर से कार्यकर्ताओं ने विधायक मुदार्बाद के नारे लगा दिए। देखते ही देखते पूरे भाजपा कार्यालय का माहौल गर्मा गया। ये देख इंदौर सांसद शंकर लालवानी ने बीच-बचाव कर हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाइश देकर शांत करवाया। इंदौर सांसद ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय है, यहां किसी के पक्ष में नारे नहीं लगे, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में नारे लगे है। उन्होंने पूरे मामले को लेकर सफाई देते हुए कहा कि ये शक्ति प्रदर्शन नहीं है, परिवार बड़ा है। सब को अपनी बात कहने का अधिकार है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बात सुनती है और आगे तक पहुंचाती है। कार्यकर्ताओं में उत्साह है। सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

बाघ के हमले में चरवाहे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उमरिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले में चरवाहे की मौत हो गई। अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। हाथियों को बुलाकर पूरे जंगल में सर्चिंग कराई जा रही है। परिक्षेत्र अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया कि राममिलन चौधरी (60) ग्राम गाटा निवासी मानपुर बफर परिक्षेत्र में मझखेता बीट के आर एफ 359 कक्ष में मवेशी चरा रहा था। इसी दौरान बाघ ने हमला कर दिया। रिजर्व के सूत्रों के मुताबिक, 1 जनवरी 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मानपुर बफर परिक्षेत्र में वन्य प्राणियों के हमलों में 5 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। वहीं, पूरे टाइगर रिजर्व क्षेत्र में 13 ग्रामीणों की जान गई है। इसके साथ ही करीब 50 ग्रामीणों को वन्य प्राणियों ने घायल किया है।

नहर के पानी में डूबने से दो दोस्तों की मौत

सतना। सतना शहर के बाहरी छोर से होकर बहने वाली बाणसागर की लोवर पुरवा नहर में दोस्तों की जल समाधि हो गई। पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। गोताखोरों ने दोनो के शव निकाल लिए हैं। जानकारी के मुताबिक, मान शहीद बाबा की मजार के पास बाणसागर की लोवर पुरवा नहर के पानी मे डूबने से शानिब कुरैशी पिता स्व. मो. सलीम (17) और मो. अरमान पिता मो. शरीफ (15) दोनों निवासी जवान सिंह कालोनी की मौत हो गई। शानिब का शव रविवार देर शाम निकाल लिया गया था, जबकि अरमान का शव सोमवार को गोताखोरों को झाड़ियों में फंसा मिला।

मंगलनाथ मंदिर को 2 माह में 81 लाख 59 हजार रुपए की आय

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर परिसर में महाकाल लोक बनने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ में वृद्धि के साथ ही श्री मंगलनाथ मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही भगवान श्री मंगलनाथ मंदिर में भात पूजन, कालसर्प दोष,अर्क विवाह, कुंभ विवाह, श्रापित दोष तथा अंगारक दोष आदि के लिए प्रतिदिन देश भर से हजारों भक्तों के द्वारा पूजन मंदिर के पंडितों द्वारा सम्पन्न कराई जा रही है। मंदिर के प्रशासक के.के.पाठक ने बताया कि माह अगस्त तथा सितंबर में भात पूजन सहित अन्य पूजन की शासकीय रसीदों से 51 लाख 25 हजार रुपये की आय मंदिर समिति को प्राप्त हुई है।

नारी सम्मान के लिए चलाया जाएगा ऑपरेशन क्लीन ऑफ माईंड अभियान

◆ सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए अभद्र व अश्लील शब्द लिखने वालों के विरूद्ध की जाएगी कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महिला अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा तथा उनके सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मकरंद देऊस्कर के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के साथ ही प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) इंदौर जगदीश डावर एवं अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) इंदौर श्रीमती प्रियंका डुडवे सहायक पुलिस आयुक्त (महिला सुरक्षा) सुश्री अपूर्वा किलेदार के मार्गदर्शन में महिला थाना इंदौर द्वारा एक नवाचार प्रारंभ किया गया। जिसके तहत आज अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रीती तिवारी व उनकी टीम ने नगरीय इंदौर के सार्वजनिक शौचालयों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर पहुंचकर, वहां आस पास की दीवारों व शौचालयों की दीवारों, दरवाजों पर आसामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं के सम्मान के विपरीत इंगित अश्लील व अभद्र शब्दों, लैंगिक हिंसा को उत्प्रेरित करने वाले वाक्यों को पेंट /साफ करवा कर, ऑपरेशन क्लीन ऑफ माईंड का शुभारंभ किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ नारी सम्मान हेतु एक सभ्य व सुरक्षित वातावरण का निर्माण भी है।

साथ ही पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक शौचालयों में कार्यरत कर्मचारियों को भी जागरूक किया गया कि यदि कोई व्यक्ति दीवार/दरवाजों आदि पर अभद्र/अश्लील सदेंश लेखबद्ध करता है, तो तत्काल महिला थाने के मोबाइल नम्बर 7049108725 पर सूचित करें। शौचालयों की दीवारो पर अश्लील वाक्य लिखने वालों के विरूद्ध पुलिस द्वारा उचित वैधानिक कायार्वाही की जावेगी।

नशा मुक्ति के लिए सख्ती और समझाइश दोनों जरूरी : कलेक्टर

नशा विरोधी पेंटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने कहा कि नशा मुक्ति के लिए सख्ती के साथ समझाइश भी जरूरी है। शहर में नशा मुक्ति के लिए जल्द ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर अभियान चलाया जाएगा।**

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी अभिनव कला समाज सभागार में यूनिवर्सल पीस एंड सोशल डवलपमेंट सोसायटी द्वारा आयोजित नशा विरोधी पेंटिंग प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तम्बाकु और शराब के बाद नशे ने कई क्षेत्रों में अपने पैर पसार लिए हैं। शहर में अलग-अलग किस्म के नशे किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही है और घटनाएं भी सामने आ रही है। इस मामले में पुलिस, जिला प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विस्तृत कार्ययोजना पर काम हो रहा है।

कार्यक्रम के विशेष अतिथि थे यूनिवर्सल पीस एंड सोशल डवलपमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अनिल भंडारी, पूर्व उपमहाधिवक्ता अभिनव धनोडकर, बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल डायरेक्टर मुकेश आनंद मेहरा, इंडेक्स मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. रामगुलाम राजदान एवं संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती सुचित्रा तिर्की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने की। कार्यक्रम का संचालन शफी शेख ने तथा अंत में फायद पायस ने आभार व्यक्त किया।

भक्ति दिखावटी न हो बल्कि यथार्थता में हो : ऋषभरत्नविजयजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुनिराज श्री ऋषभरत्नविजयजी ने समझाया कि, जीव भवों में भटक रहा है परंतु भवों की थाह नहीं मिल रही है। जैसे पाताल की गहराई को हम नहीं देख पाते हैं वैसे ही हम अपने पूर्व भवों के अंत को नहीं देख पा रहे हैं क्योंकि वे अनंत हैं असंख्य नहीं। भवों का अंत तभी आएगा जब अपने पर लगे कर्मों/दोषों के जाल की सफाई धर्म साधना से करें। यह साधना कई प्रकार की होती है उसमें से एक है भक्ति जिसके भी कई प्रकार हैं। भक्ति दिखावटी न हो बल्कि यथार्थता में हो वह ऐसी न हो जैसे हाथी के दांत खाने के ओर दिखाने के ओर होता हैं। भक्ति के प्रकारों को हाथी के शरीर के उदाहरण से समझा जा सकता।

विशालता प्रभु भक्ति करने से हाथी के शरीर समान हमारे व्यक्तित्व को विशालता प्राप्त होती है और जीवन उदार एवं विशाल बनता है। कीमती परमात्मा भक्ति करने से हमारी भक्ति हाथी दांत के समान कीमती साबित हो सकती है। नम्रता जैसे हाथी का मस्तक झुका हुआ रहता जो नम्रता की मिसाल है। ठीक इसी तरह प्रभु भक्ति से हममें नम्रता का गुण विकसित होता है। विषय-कषाय की सफाई झ हाथी स्नान करके धूल अपने पर ही उड़ाता है परंतु प्रभु भक्ति से स्नान करके हमको विषय-कषाय वापस अपने पर नहीं लाना है। ध्यान से श्रवण झ हाथी के कानों की विशालता यह संदेश देती हैं कि ध्यान पूर्वक श्रवण करके प्रभु भक्ति करो। नाक नीची न हो झ प्रतिष्ठित व्यक्ति की नाक लंबी कही जाती है अतः जीवन को कभी कलंकित नहीं करना है। क्रियाओं में गुप्तता हाथी का आहार-विहार गुप्त होता है वैसे हमको भी भक्ति में गुप्तता व्यवहार में लाना चाहिये, दिखावा न हो। मस्ती से भक्ति झ हाथी अपनी मस्ती से चलता और वह पीछे वालों की परवाह नहीं करता इसी तरह हमको भी प्रभु भक्ति मस्ती से ही करना है, अड़चन कोई भी हो। राजेश जैन युवा ने बताया की जब तक शरीर में प्राण होते हैं तब तक भक्ति में डूब जाना चाहिये। प्रभु भक्ति से तीर्थंकर गोत्र भी बन सकता है।

रजत जंयती समारोह आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री कायस्थ सभा इंदौर के महिला प्रकोष्ठ की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मातृशक्ति सम्मेलन इंदौर टेनिस क्लब सभाग्रह मे आयोजित किया गया। सम्मेलन की संयोजिका सुषमा श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ ईश्वर स्तुति से हुआ। लघुनाटिका तब और अब का मंचन किया गया जिसकी लेखिका-निर्देशिका सुनीता श्रीवास्तव थीं । नाटिका में पिछले पच्चीस वर्षों में हुए बदलावों को बहुत अच्छे तरीके से अभिनित किया तृप्ति सक्सेना, भक्ति सक्सेना, सीमा श्रीवास्तव, नीला निगम, रजनी माथुर, मनीषा श्रीवास्तव, इंदू श्रीवास्तव ने। मंच संचालन दीपा श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर डॉ. संध्या चौकसे ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन और आचरण में प्रमुखता से हमारी संस्कृति और परम्पराओं के अनुसार भाषा, वेशभूषा और खानपान होगा तो आज जो हमारे समाज में विसंगतियां पैदा हो रही हैं, उनसे बचा जा सकता है।

मैं गली-गली घूमूं या प्रदेश में सरकार बनाने के लिए दौरा करूं

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में कैलाश विजयवर्गीय सभा को किया संबोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय आज अपने क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए कार्यकतार्ओं से पूछा कि मैं गली-गली घूमूं या प्रदेश में सरकार बनाने के लिए मध्य प्रदेश के शहरों का दौरा करूं। इस पर कार्यकतार्ओं ने उन्हें प्रदेश में सरकार बनाने की जवाबदारी देते हुए कहा कैलाश जी आप राज करो कार्यकर्ता आपके साथ है। इसके पूर्व उन्होंने कहा कि मैं अब चिंता काम हो गई ज्यादा चिंता नहीं कर रहा हूं । उन्होंने कहा की मुझे अन्य शहरों में जाने को कहा गया तो मैंने कहा मैं भी प्रत्याशी हूं , कार्यकर्ता चाहते है मैं भी गली गली उनके साथ घूमूं तो वे बोले आपके कार्यकर्ता ऊजार्वान समझदार है। उन्होंने कहा कि मैं नहीं आप यहां कैलाश विजयवर्गीय है। आप को चुनाव लडना है। प्रदेश में सरकार बनाने के लिए मंदसौर, रतलाम,नीमच,खरगोन आदि शहरों में जाना पड़ेगा।

शहर में स्मार्ट मीटरीकृत बिजली उपभोक्ता 2.10 लाख हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में स्मार्ट मीटर से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं की संख्या दो लाख 10 हजार के पार पहुंच गई है। वहीं कंपनी क्षेत्र में चार लाख 48 हजार स्मार्ट मीटर लग गए हैं। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। इंदौर शहर में स्मार्ट मीटर वाले करीब 77 हजार उपभोक्ता ऐसे है, जिन्हें राज्य शासन के आदेशानुसार गृह ज्योति योजना में मात्र एक रूपए यूनिट के हिसाब से प्रथम सौ यूनिट बिजली मात्र सौ रूपए में प्रदान की जा रही है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर शहर में 10 किलोवाट से उपर की श्रेणी के सभी 20 हजार उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। शहर में अब तक कुल दो लाख 10 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर के बाद सबसे ज्यादा अत्याधुनिक स्मार्ट मीटर उज्जैन में करीब 75 हजार लगे हैं। वहीं रतलाम शहर में लगभग 62 हजार, देवास शहर में 36 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है। श्री तोमर ने बताया कि कंपनी का महू शहर सर्वप्रथम मप्र का पहला पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत शहर बना था, दूसरे क्रम में गत माह खरगोन शहर पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत हुआ है। उपरोक्त दोनों पूर्ण स्मार्टमीटरीकृत शहर में करीब 58 हजार मीटर स्थापित किए गए हैं।

स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **गुमाश्ता नगर स्थित दस्तूर गार्डन पर आयोजित अ.भा माहेश्वरी समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन का समापन स्वच्छता की शपथ के साथ हुआ। तीन दिन चले इस परिचय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रत्याशियों ने मंच साझा कर अपने जीवन साथी की खोज की।**

श्री महेश सामाजिक एवं पारमार्थिक संस्था संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र राठी, अध्यक्ष गोपाल एस मानधन्या एवं प्रचार प्रमुख अजय सारड़ा ने बताया कि समापन अवसर पर परिचय सम्मेलन में 489 से अधिक युवक-युवतियों ने इस मंच से अपने जीवन साथी के प्रति अपनी भावनाऐं व्यक्त की। वहीं परिचय सम्मेलन के समापन अवसर पर 150 से अधिक रिश्तों पर चचार्ओं का दौर रहा। सम्मेलन में अभिभावकों एवं युवक-युवतियों के लिए अलग-अलग चर्चा कक्ष भी बनाए गए थे। अभिभावकों की सुविधा के लिए कुंडली मिलान, कम्प्यूटर कुंडली सहित विद्वान पंड़ितों से कुंडली मिलान की व्यवस्था भी परिचय सम्मेलन स्थल पर की गई थी। परिचय सम्मेलन में सुरेश मंडोवरा, मदन मूंदड़ा, गोविंद बियाणी, विनोद राठी, प्रकाश अजमेरा, श्रीमती प्रमिला भूतड़ा, प्रहलाद सेठ, कैलाश जाजू, राधेश्याम काबरा, बाबू सोड़ानी, जयकिशन डागा, प्रदीप राठी, श्रीमती पुष्पा राठी, निधि मूंगड़, गरिमा सारड़ा, हर्षा काबरा, सरिता बियाणी, ज्योति नागोरी, रमा साबू सहित हजारों की संख्या में माहेश्वरीजन मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम का संचालन मुरलीधर मानधन्या ने किया एवं आभार अजय सारड़ा ने माना।

समाज की पूंजी है वृध्दात्मा : डॉ विकास दवे

सौ वर्षीय टीएन सिंह का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय समाज में वरिष्ठों के सम्मान की अनूठी परंपरा है। उनके अनुभवों से समाज हमेशा लाभान्वित होता रहा है। वास्तव में वृध्दात्मा समाज की पूंजी है, जिसे सहेजना जरूरी है। यह बात मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठ नागरिक मंच इंदौर द्वारा आयोजित अमृताभिनंदन समारोह में कही। डॉ. दवे ने अपने उद्बोधन में वरिष्ठजनों के ज्ञान का उपयोग करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सलूजा और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मुख्य शाखा प्रबंधक श्री अभिषेक बिडला थे। इस अवसर पर एक सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर श्री टीएन सिंह का सम्मान किया गया। उनके साथ नब्बे वर्षीय श्रीमती त्रिवेणी पौरिणिक, श्री पुण्डलिक राव शिंदे, 75 वर्षीय सर्वश्री मनोज पारीख, संतोष दुबे, श्याममोहन गुप्ता, मनोहर नेमा, सुरेश ठाकुरद्वारे, रमेश खाण्डवे, सुरेशचंद्र भण्डारी, रमेश लोकरे और श्रीमती सविता कर्णिक को भी शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वृध्दों की सेवा के लिए समर्पित डॉ. निधि सलूजा, गोपाल अग्रवाल और राजेश गर्ग का भी शाल श्रीफल और माला से सम्मान किया गया। संचालन डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे ने किया।

देपालपुर में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार

मंत्री सिलावट के सामने लगे भाजपा विरोधी नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देपालपुर में मनोज पटेल की उम्मीदवारी का भाजपा कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे है। हिन्दू संगठन से जुड़े देपालपुर के नेता राजेंद्र चौधरी के समर्थकों ने विरोध की कमान संभाल रखी है। उन्होंने मंत्री तुलसी सिलावट के सामने भी भाजपा को वोट नहीं के नारे लगाए और मंत्री को चुपचाप लौटना पड़ा।

देपालपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक मनोज पटेल को टिकट दिया है। कई वर्षों से भाजपा पटेल परिवार को ही टिकट दे रही है। मनोज के पिता

निर्भय सिंह पटेल भी देपालपुर से विधायक रह चुके है। इस बार देपालपुर से राजेंद्र चौधरी भी दावेदारी कर रहे थे। राजेंद्र भी भाजपा से जुड़े है और मालेगांव बम ब्लास्ट मामले में वे गिरफ्तार हो चुके है। बाद में कोर्ट ने राजेंद्र को बरी कर दिया। डेढ़ साल से राजेंद्र क्षेत्र में सक्रिय है और कई सामाजिक कार्यक्रम भी करा चुके है। उसके समर्थक ही मनोज की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे है।

विधानसभा क्षेत्र में गए मंत्री तुलसी सिलावट के सामने भी समर्थकों ने नारेबाजी कर और तख्तियां लहराकर विरोध दर्ज कराया। वरिष्ठ नेता चौधरी को समझा चुके है, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं है। चौधरी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। यदि वे भी चुनाव लड़ते है तो फिर देपालपुर में इस बार त्रिकोणीय मुकाबल हो सकता है। उधर देपालपुर विधायक विशाल पटेल का कांग्रेस से दूसरी बार फिर उम्मीदवार बनना तय है,हालांकि इंदौर दुग्ध संघ अध्यक्ष मोती सिंह पटेल भी कांग्रेस से टिकट मांग रहे है।

अर्थशास्त्री डॉ. भरत कुलकर्णी की पुस्तक का विमोचन

मन को एकाग्र करती है उर्वि की कविताएँ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक गरिमामय समारोह में अर्थशास्त्री एवं सलाहकार डॉ. भरत कुलकर्णी की पुस्तक इ सी एक्स एंड द विंड्स ऑफ एक्सचेंज का विमोचन एक निजी होटल मे हुआ। मुख्य अतिथि थे अर्थशास्त्री अम्बर अरुंडेकर। विशेष रूप से नीरज विजयवर्गीय, हेमांगी कुलकर्णी, विजय येवले , सुशील दुबे, शशिकांत कुलकर्णी, डॉ. अजीत उपाध्याय उपस्थित थे।

अपनी पुस्तक के बारे में कुलकर्णी ने कहा कि यू एन के आग्रह पर मैं एक दशक पहले अफ्रीकी देश इथोपिया गया था, उस वक्त वहा की अर्थव्यस्था बड़ी खराब थी। मैंने और 4 देशों के आर्थिक विशेषज्ञयों ने वहां 4 वर्ष से अधिक समय काम किया जिसका परिणाम अच्छा रहा। इथोपिया की तकदीर ही बदल गई। लोगों की क्रय शक्ति बढ़ने के साथ बाजारों की रौनक बढ़ी। किसानो को भी अपनी फसल के सही दाम मिलने लगे। और व्यापारी वर्ग भी खुश हुआ। ये सारे अनुभव और चुनौतियाँ है इस पुस्तक में।

अम्बर अरुंडेकर ने कहा कि भारत से दूर जाकर अफ्रीकी देश में रहना और उसे समझना आसान नही है, क्योंकि वहा का कल्चर, खान पान, जीवन शैली एकदम अलग हैं। और एक पुस्तक लिखना भी कठिन है। इससे दुसरो को भी प्रेरणा मिलेगी। नीरज विजयवर्गीय ने कहा कि डॉ. कुलकर्णी ने इथोपिया में डाटा एकत्रित किया जो सामान्य बात नही है।यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने दी।

इस मौके पर मनोविज्ञान की छात्रा उर्वि कुलकर्णी के कविता संग्रह द वेव्स ऑफ वर्ड्स पर चर्चा हुई। अपने प्रथम कविता संग्रह पर कहा कि इसमें 70 कविताएँ है जो हर विषय पर है। खासकर ध्यान, योग और मन पर। हर कविता मेरे दिल के करीब है, जो मैंने एकांत मे बैठकर लिखी। नित्या परमार ने कहा कि 17 वर्ष की उम्र में इतनी सुंदर कविताएँ लिखकर उर्वि ने बता दिया कि वह भविष्य की एक बड़ी राइटर बनने जा रही है। हर कविता में एक दृष्टि है जो पाठकों को सोचने के लिए बाध्य करेगी। उर्वि को नेचर अधिक पसंद है। जो उसकी कविताओं में साफ झलकता है।

श्रीमती रुना कुलकर्णी ने बताया कि 17 वर्ष की उम्र मे उर्वि इतनी सुंदर कविताएँ इसलिए लिख पाई क्योंकि उसकी योग और अध्यात्म में गहरी रुचि है और इश्वर में उसका पक्का विश्वास है। इस पुस्तक का प्रकाशन नोशन प्रेस डॉट काम ने किया है और सैकड़ो प्रतियां हाथों हाथ बिक गई हैं। अतिथि स्वागत डॉ. भरत कुलकर्णी ,श्रुति राजीव शर्मा , अनिल जोशी, आशुतोष कौशिक , जय अग्रवाल, राजीव शर्मा, ऋतिक गर्ग ने किया। इस मौके पर अक्षय वोरा, रविंद्र कुलकर्णी सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे।

तुलसी नगर के रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा

इंदौर। लम्बे समय से तुलसी नगर को वैध करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे तुलसी नगर के रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा है। रहवासियों में इस बात को लेकर ज्यादा आक्रोश है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कहने के बाद भी जनप्रतिनिधि व अधिकारी इस पर अमल करने को तैयार नहीं है। इसे लेकर मंगलवार 3 अक्टूबर को सारे रहवासी कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में जाकर आखिरी बार मांग करेंगे। अगर समस्या का हल नहीं हुआ तो वे इस विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

दरअसल, कॉलोनी के नियमितिकरण की मांग तो रहवासी सालों से कर रहे हैं लेकिन अब तक हल नहीं

निकला है। श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संयोजक शम्भूनाथ सिंह व अध्यक्ष राजेश तोमर ने बताया कि 20 सितम्बर को मुख्यमंत्री द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा के लिए इंदौर आए थे। तब रेसीडेंसी कोठी पर आयोजित एक बैठक में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया, मेयर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम व जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को तीन दिनों में नगर भूमि सीमा अधिनियम 1976 के प्रावधानों को शासन स्तर से शिथिल करने के लिए केस प्रस्तुत करने के लिए कहा था। इसके 10 दिनों के बाद भी नियमितीकरण के संदर्भ में प्रशासन द्वारा कोई पत्र जारी नहीं किया गया है जिससे रहवासियों में काफी आक्रोश है।

सफाईकर्मियों का सम्मान किया गया

इंदौर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन किया गया। इंदौर शहर को स्वच्छता में नंबर 1 लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाईकर्मियों का सम्मान, सम्मान पत्र देकर किया गया। इस शुभ अवसर पर संगठन के कार्यालय प्रभारी रिया जैन, पश्चिम झोन अध्यक्ष हरीश वोरा, पूर्वी झोन अध्यक्ष विजय वलेचा, सहज रावत, अक्षय तिवारी, जितेंद्र तोमर, जितेंद्र शर्मा, अखिलेश तिवारी, परसराम जाट आदि उपस्थित थे।

मासूम भावनाओं को भविष्य की कामनाओं से सजाने का लोक पर्व है संजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संजा यानी स्मृतियों और आगत के अद्भुत संगम का पर्व। एक ओर पुरखों की यादें तो दूसरी ओर किशोरियों के मन में विवाह की कामना। योग्य वर की चाहत रखने वाली कुँवारी किशोरियाँ सृजन और विसर्जन के इस पर्व को पितृपक्ष के सोलह दिनों तक बड़े चाव से मनाती हैं। संजा सिर्फ एक परंपरा नहीं है। संजा के मांडनों तथा गीतों में महिलाओं के विवाहित जीवन से जुड़े कई जीवन सूत्र छिपे होते हैं, जिन्हें बचपन में ही कुंवारी कन्याओं के जीवन में संजा पर्व के दौरान समझने का मौका मिलता है।

उक्त उदगार पर्यावरणविद स्वप्निल व्यास ने मालवमंथन द्वारा आदित्य कान्वेंट स्कूल,ग्राम पालाखेड़ी इंदौर में आयोजित संदेशों की संजा कार्यक्रम में व्यक्त किए कार्यक्रम की संयोजक बिना राजवंशी ने कहा संजा मनाने की याद लड़कियों को विवाहोपरांत गांव-पीहर की यादों में हमेशा के लिए तरोताजा बनी रहती हैं और यही यादें उनके व्यवहार में प्रेम, एकता और सामंजस्य का सृजन करती हैं। संजा सीधे-सीधे हमें पर्यावरण व अपने परिवेश से जोड़ती ह। स्वरूप के साथ पंचतत्व के संरक्षण से जुड़ी आकृतियों को भी उकेरा कार्यक्रम का संचालन शरद राजवंशी ने किया संजा के मालवी गीत मुन्नी बाई, संतोष चौहान, के समूह ने गाए एवं संजा बनाने वाली बालिकाओं में कोमल,दीक्षा, दिव्या, अवनी हीना ,सीमा नंदनी, नित्या आदी रही ।

11 वचन वाली गंगाजल की बोतल जनता ने माथे से लगा कर कांग्रेस को दिया आशीर्वाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकसभा पिछड़ा वर्ग कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष हिमांशु यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश की बिगड़ी बदहाली और जनता पर बीजेपी सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाकर खुशहाली लाने के लिए कमलनाथ ने जो जनता को 11 वचन दिए उन 11 वचनों को गंगाजल के साथ आज विधानसभा एक के भागीरथपुरा में कई कांग्रेसी कार्यकर्ता अपने गलों में तिरंगा दुपट्टा और केसरिया दुपट्टा डालकर हाथों में पेम्पलेट और गंगाजल की बोतल लेकर

जनता के बीच घर-घर पहुंचे और आमजन को पंपलेट देकर पेम्पलेट में लिखें 11 वचन और भाजपा सरकार में सुशासन द्वारा किऐ जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत करा कर कार्यकर्ताओं ने एक गंगाजल की बोतल भी दी और कहा कि कांग्रेस और कमल नाथ की रिति नीति नियत गंगाजल की तरह साफ है क्योंकि इस देश में एकमात्र कांग्रेस पार्टी ही है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलती है और मध्य प्रदेश में एकमात्र नेता कमलनाथ ही है जो वह बोलते हैं उसे हर हाल में पूरा करते हैं यह उदाहरण हम पुर्व मे देख चुके हैं जिस तरह 15 महीने की सरकार में कमलनाथ जी द्वारा जो कार्य किए गए थे चाहे वह कर्जा माफी हो या बिजली के बिल माफ हो या फिर कन्या विवाह योजना की राशि डबल करना जैसे कई वचन उन्होंने दिए थे और उन्हें पूरे भी किए थे इसी विश्वास को लेकर जनता के बीच पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश बिजवा, नितेश बौरासी, राधेश्याम परिहार, आशीष यादव,केलाश साहू, अखिलेश पटेल, राजाराम बोरासी उपस्थित थे।

सांसद और महापौर ने किया दीदी कृष्णा कुमारी का सम्मान

इंदौर। साधु वासवानी मिशन की प्रमुख दीदी कृष्णा कुमारी के सिंधी भाषा में प्रवचन 1 अक्टूबर, रविवार की शाम को स्वामी प्रीतमदास सभागृह में आयोजित हुए । इस अवसर पर दीदी कृष्णा कुमारी ने कहा कि सबसे बड़ा मन का खजाना चित्त की शांति होता है, हमें अपने मन के खजाने के लिए भी चित्त की शांति जरूरी है । उन्होंने कहा कि हम किसी को उपहार देते हैं तो उपहार देने में भी हमें खुशी मिलती है और उपहार लेने वाले को भी खुशी मिलती है । इस अवसर पर देश की जानी-मानी दार्शनिक दीदी कृष्णा कुमारी का इंदौर आगमन पर इंदौर के सांसद शंकर लालवानी व महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इंदौर की जनता की तरफ से सम्मान पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया ।इस अवसर पर रॉकस्टार अंतरराष्ट्रीय गायक नील तलरेजा ने सिंधी भाषा में अनेक गीत गए । उनके गीतों पर दर्शको ने करतल ध्वनि के साथ दाद दी । उनके गीतों को दर्शकों ने खूब सराहा ।

वीगन इंडिया मूवमेंट ने चलाया 56 दुकान पर 'फ्रीडम फॉर एनिमल्स प्रोग्राम'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हमारे लिए कुछ प्रोडक्ट से लेकर कपड़ों और मनोरंजन के लिए हर साल लाखों जानवरों को मौत के घाट उतार दिया जाता है। जागरूकता के लिए वीगन इंडिया मूवमेंट देशभर के अलग-अलग शहरों में कार्यक्रम चला रहा है। वीगन इंडिया मूवमेंट से जुड़े वॉलेंटियर्स ने 56 दुकान पर कैंपेन 'सत्याग्रह 2.0 : फ्रीडम फॉर एनिमल्स' चलाया।

पोस्टर के साथ वॉलेंटियर्स ने लोगों से बात की और वीगन बनने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि किस तरह से आपका वीगन होना पर्यावरण को बचाने में सहायता कर सकता है। करीब 15 वॉलेंटियर्स ने लोगों से बात कर हर साल मौत के घाट उतार दिए जाने वाले जानवरों की संख्या के साथ ही एनिमल राइट्स की भी जानकारी दी। इससे पहले पलासिया चौराहे पर यातायात पुलिस के साथ भी ये कैंपेन चला चुके हैं। इंदौर के अलावा देश में दिल्ली, जबलपुर, बैंगलुरु, देहरादून, लखनऊ, नागपुर, पुणे, वाराणसी और रायपुर में भी ये कैंपेन चलाया जाएगा, जहां वीगन इंडिया मूवमेंट से जुड़े वॉलेंटियर्स लोगों से वीगन और एनिमल राइट्स पर बात करेंगे। कैंपेन में दुर्गा बालानी, मीनाक्षी शुक्ला, कविता शर्मा, अर्चना गुप्ता, अजय, वरुण दुबे, दीपाली मेहता, हर्ष मेहता, संजय राठौर,भारती राठौर, पर्व जैन और मुस्कान टाटावत उपस्थित रहे।

भोपाल मास्टर प्लान पर भाजपा विधायक का बड़ा बयान

शर्मा बोले-मास्टर प्लान रद्द होगा, नए सिरे से काम करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल मास्टर प्लान-2031 पर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मास्टर प्लान को हमने रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। मास्टर प्लान पर हम नए सिरे से काम करेंगे। इससे पहले आपत्तियों की सुनवाई के दौरान भी विधायक शर्मा नाराजगी जता चुके हैं।

विधायक शर्मा ने कहा कि जिन्होंने तालाब बचाया है, उन किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। किसानों की जमीन कृषि क्षेत्र में ही रहेगी। निर्माण की अनुमति मिलेगी तो ठीक नहीं तो मास्टर प्लान नहीं आएगा। प्लान में कैचमेंट, उद्योग एवं कृषि उद्योग आदि पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान या नागरिक को परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस मास्टर प्लान को हमने रद्द करने की बात कही है और यह रद्द होगा। नए सिरे से मास्टर प्लान पर हम काम करेंगे। किसान की जमीन एग्रीकल्चर थी और होगी। उसे आवासीय या दूसरे क्षेत्र में लाया जाएगा। जिससे किसान के परिवार को लाभ हो। जीवन छिनने का काम सरकार नहीं करेगी। बल्कि उसका जीवन बनाने का काम करेगी। किसानों को आंदोलन करने की जरूरत भी नहीं है, मैं उनके साथ हूं।

3005 आपत्तियों पर अगस्त-सितंबर में हो चुकी सुनवाई

भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट 2 जून को सरकार ने जारी कर दिया था। ड्राफ्ट जारी होने के 30 दिन के अंतर कुल 3005 आपत्ति और सुझाव मिले थे। इनकी सुनवाई छह चरणों में हुई। प्रथम चरण में 9 से 11 अगस्त तक, द्वितीय चरण में 16 से 18 अगस्त तक, तीसरे चरण की सुनवाई 21 से 25 अगस्त, चतुर्थ चरण 28 से 29 अगस्त तक, पांचवें चरण में 31 अगस्त से 1 सितंबर तक और छठवां एवं अंतिम चरण में 4 से 5 सितंबर तक सुनवाई की गई। आपत्तियों को लेकर जनप्रतिनिधियों, किसानों, आमजनों और क्रेडाई सदस्यों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी।

विधायक शर्मा ने सुनवाई के दौरान भी आपत्ति जताई थी

सुनवाई के दौरान 17 अगस्त को प्लान के प्रस्तावों पर विधायक शर्मा ने भी नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि प्रस्तावित मास्टर प्लान बिना भौतिक सत्यापन किए, शहर की परिस्थितियों को समझे बिना ही आंख बंद करके बना दिया गया है। यह शहर की 35 लाख आबादी के साथ धोखा है। विधायक ने अन्य मुद्दों पर भी नाराजगी जताई थी।

3 हजार आपत्तियां दरकिनार कर दी गईं

मास्टर प्लान-2031 के फाइनल ड्राफ्ट पर आईं 3000 आपत्तियों को दरकिनार कर दिया गया है। जून में जारी हुए ड्राफ्ट में केवल एक छोटा सा बदलाव किया गया है।

ढाई करोड़ के सांप की हो रही थी तस्करी

◆ 3 तस्करों से जब्त किया सेंडबोआ सांप और 12 नाखून वाला कछुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में संरक्षित वन प्राणियों की तस्करी का कारोबार जोरों से जारी है । जिसका खुलासा उस समय हुआ जब बढ़चिचोली पुलिस ने ढाई करोड़ कीमत के सेंडबोआ सांप और 12 नाखून वाले कछुए के साथ 3 तस्करों को धरदबोचा। दरअसल बड़चिचोली चौकी की पुलिस टीम ने काटोल नाके पर चेकिंग के दौरान यह कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तीन संदिग्ध लोगों की तलाशी ली, जिनके पास से ढाई करोड़ रुपए मूल्य का दो मुंह वाला सांप (रेड सेंड बोआ) और बारह नाखून वाला कछुआ मिला, जो तस्करी के लिए काटोल के जंगल से पकड़कर लाए गए थे. यह दोनों प्राणी संरक्षित वन्य प्राणी हैं। इसके चलते आरोपी आशिक उम्र 18 साल, श्री राम उम्र 54 साल, अजय उम्र 27 साल पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके हिरासत में लिया है। बता दें कि दो मुंह वाला सांप यौन शक्ति वर्धक दवाई बनाने और 12 नाखून वाले कछुये का उपयोग सट्टे का नंबर निकालने व तंत्र-मन्त्र में होता है। पुलिस कारवाई में चौकी प्रभारी एसआई आशीष भीमटे, आरक्षक निखिल उइके, अशोक, पुष्पेंद्र, भानु प्रताप नागेश, कपिल बघेल, सीमा मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सड़क से उतरी बस, 20 से ज्यादा घायल

हरदा। निजी यात्री बस असंतुलित होकर सड़क से खेत में उतर गई। मसनगांव और कांकरिया के बीच दोपहर करीब 3 बजे हुए हादसे में 20 से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दुष्कर्म पीड़िता की जीवनखेड़ी से मिली यूनिफार्म

पुलिस साक्ष्य जुटाने में लगी है ताकि आरोपी को शीघ्र सख्त से सख्त सजा मिल सके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। दुष्कर्म पीड़िता सतना जिले की बालिका का इंदौर में उपचार जारी है। उसकी हालात में सुधार है और डॉक्टर्स की टीम इंदौर अस्पताल में बच्ची की देखभाल कर रही है। इधर पुलिस ने जीवनखेड़ी से छात्रा के यूनिफार्म वाले कपड़े बरामद किए है। साथ ही पुलिस साक्ष्य एकत्रित करने में लगी है ताकि आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जा सके। आरोपी सात दिन तक न्यायिक हिरासत में है।

उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को सतना निवासी बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के बाद उसे इलाज के लिए इंदौर के एमटीएच अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बच्ची की हालत में रोजाना सुधार हो रहा है। उसकी देखभाल के लिए करीब 20 डॉक्टर्स सहित अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगी हुई है। पूरे समय कोई न कोई डॉक्टर उसके साथ रहता है। बच्ची यदि थोड़ा भी कुछ बोलती है या उसे दर्द होने लगता है तो डॉक्टर तुरंत उसके पास पहुंच जाते हैं। इनके अलावा बच्ची के पास किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है।

बताया जा रहा है कि बच्ची बात भी करने लगी है, लेकिन डॉक्टर उसकी बात समझ नहीं पाते हैं,क्योंकि वह बघेली भाषा में बात करती है। वहीं बच्ची भी डॉक्टर्स की बात नहीं समझ पाती है। अभी भी बच्ची को लिक्विड डाइट ही दिया जा रहा है। डॉक्टर अभी इस बात को नहीं बता पा रहे हैं कि बच्ची को ठीक होने में और कितना समय लगेगा। अभी मनोचिकित्सकों के माध्यम से उसकी काउसंलिंग भी की जा रही है। महिला डॉक्टर और अन्य स्टाफ अस्पताल में भर्ती बच्ची की देखभाल परिजनों की तरह कर रहा है।

भोपाल मेट्रो का फाइनल ट्रायल रन आज

◆ मुख्यमंत्री करेंगे रवाना; एमपी नगर से डिपो तक सड़क भी बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। भोपाल मेट्रो का फाइनल ट्रायल रन 3 अक्टूबर को होगा। इसके लिए सुभाष नगर और आरकेएमपी मेट्रो स्टेशनों को दुल्हन सा सजाया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरी झंडी दिखाएंगे। वे सुभाष नगर से आरकेएमपी स्टेशन तक मेट्रो में सफर भी करेंगे। इससे पहले सोमवार को मेट्रो कोच को फिर से ट्रैक पर लाया गया। डीबी मॉल के सामने, केंद्रीय स्कूल, एमपी नगर इलाकों में मेट्रो ने हॉर्न भी बजाया।

इधर, एमपी नगर से सुभाष नगर डिपो के बीच की सड़क पर डामरीकरण कर दिया है। वहीं, केंद्रीय स्कूल स्टेशन के नीचे का रास्ता भी खोल दिया गया है। इससे अब लोगों को घूमकर नहीं जाना पड़ रहा है। वे एमपी नगर से सीधे सुभाष नगर ओवरब्रिज और अंडरब्रिज तक आ-जा रहे हैं। जिंसी के बीच भी सड़क बनाने का काम होगा। यह रास्ता करीब एक साल से बंद था।

मेट्रो के फाइनल ट्रायल रन के चलते एमपी नगर से सुभाषनगर डिपो के बीच की सड़क बना दी है। वहीं, केंद्रीय स्कूल मेट्रो स्टेशन के नीचे का रास्ता भी खोल दिया गया है।

शुभारंभ से पहले कार्यक्रम को संबोधित करेंगे

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सुबह 11 बजे मेट्रो के फाइनल ट्रायल रन का शुभारंभ करेंगे। इससे पहले वे सुभाष नगर डिपो में कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। फिर कोच को हरी झंडी दिखाएंगे। वे मेट्रो में सवार होकर रानी कमलापति स्टेशन तक पहुंचेंगे। ट्रायल रन प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के सुभाषनगर से आरकेएमपी स्टेशन के बीच ही होगा। इस दौरान केंद्रीय स्कूल, डीबी मॉल और एमपी नगर स्टेशन भी आएंगे। हालांकि, मेट्रो यहां नहीं रुकेंगी। इंदौर मेट्रो का फाइनल ट्रायल रन दो दिन पहले हो चुका है।

17 सितंबर को भोपाल पहुंचे थे कोच

गुजरात के सांवली (बड़ोदरा) से करीब 850 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 17 सितंबर की रात में कोच भोपाल आ गए थे। 18 सितंबर को उन्हें डिपो में बने इंस्पेक्शन बे लाइन पर लाया गया था। इसके बाद सीनियर इंजीनियर्स, टेक्निकल एक्सपर्ट्स, सुपरवाइजर सहित 50 से ज्यादा लोगों की टीम ने कोच को कनेक्ट करने और उनकी टेस्टिंग में लगी थी। 8 दिन यह काम करने के बाद 26 सितंबर को मेट्रो ट्रैक पर चलाकर देखी गई थी। 6 दिन तक मेट्रो को कई बार ट्रैक पर लाया गया।

स्टेशनों को चमकाया

यूं तो मेट्रो पांच स्टेशनों से गुजरेगी, लेकिन फोकस वाले स्टेशन सुभाष नगर और आरकेएमपी ही है। मुख्यमंत्री चौहान सुभाष नगर स्टेशन से मेट्रो में सवार होंगे और आरकेएमपी स्टेशन पर उतरेंगे। इसलिए इन दोनों स्टेशनों को चमकाया गया है। सुभाषनगर स्टेशन पर एस्केलेटर, सीढ़ियां और फुटओवर ब्रिज का काम पूरा कर लिया गया। यहां रेड कॉरपेट बिछाया गया। मेट्रो कोच और स्टेशन को फूलों से सजाया जा रहा है। उधर, डिपो में बड़ा सा डोम बनाया गया है। जहां होने वाले कार्यक्रम को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे।

प्रदेश में मानसून विदाई की ओर

जबलपुर, रीवा, शहडोल संभाग में गिरेगा पानी; 21 दिन बाद गुलाबी ठंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून विदाई की ओर है। अक्टूबर पोस्ट मानसून सीजन में गिना जाता है। इस बार इस महीने मिला-जुला मौसम रहने के आसार हैं। दिन में तीखी धूप तो देर रात के बाद या तड़के हल्की ठंडक बनी रह सकती है। अक्टूबर के पहले हफ्ते दो या तीन दिन हल्के बादल भी छाने की संभावना है।

गरज-चमक वाले बादल बने तो कहीं-कहीं मामूली बूंदाबांदी भी हो सकती है। पारा 30 से 32 डिग्री और एक या दो दिन 33 डिग्री से ऊपर भी पहुंच सकता है। 15 दिन बाद रातें ठंडी होना शुरू हो जाएंगी। 21 दिन बाद यानी अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में गुलाबी ठंड शुरू हो सकती है।

बालाघाट और मंडला जिले में हल्की बूंदाबांदी हुई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और प्रदेश के दूसरे जिलों में दिन में धूप रही। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश के पूर्वी हिस्से- जबलपुर, शहडोल, रीवा संभाग में बारिश हो रही है।

दो जिलों से हो चुकी मानसून की विदाई

प्रदेश के मुरैना और श्योपुर से मानसून के विदा होने की घोषणा हो गई है। अगले 2 से 3 दिन में उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग से भी विदाई हो सकती है। 10 अक्टूबर से पहले पूरे प्रदेश से मानसून विदा ले लेगा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि मानसून की अवधि जून से सितंबर तक रहती है। इस हिसाब से मानसूनी सीजन खत्म हो गया है।

प्रदेश में पश्चिमी हिस्से में 3% बारिश ज्यादा

मध्यप्रदेश में 1 जून से 1 अक्टूबर तक औसत 37.22 इंच बारिश हो गई। इस हिसाब से इस बार 0.4% बारिश कम हुई है। पूर्वी हिस्से में 4% कम और पश्चिमी हिस्से में 3% अधिक बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाला जिला नरसिंहपुर है। यहां 51.75 इंच बारिश हुई है, जबकि यहां की सामान्य बारिश 41.40 इंच है। यहां 125% बारिश हुई है। भिंड में सामान्य बारिश का आंकड़ा 141% तक पहुंच गया। भिंड की सामान्य बारिश 24.11 इंच है। यहां अब तक 34.22 इंच बारिश हो गई। जबलपुर, सीहोर, रायसेन, अलीराजपुर, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, निवाड़ी, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल और अनूपपुर में आंकड़ा 40 इंच या इससे अधिक है।

इन जिलों में कम बारिश

सतना में सबसे कम 23.62 इंच बारिश हुई है। अशोक नगर में 23.81 इंच पानी गिरा। रीवा और सीधी जिलों में भी कम बारिश हुई है।

सिवनी में दो दिन भूकंप का झटका, तीव्रता 2.9

सिवनी। शहर में सोमवार सुबह 7 बजकर 27 मिनिट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.9 रही। इससे पहले लोगों ने रविवार रात 9.20 बजे भी घरघराहट के साथ ऐसा महसूस किया था। किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर फिलहाल नहीं मिली है। नागरिकों ने झटके लगने के कारणों का पता लगाने की मांग की है।

संपादकीय

सरकारी स्कूलों को तरजीह नहीं

दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता के स्तर पर उच्च दर्जे के तौर पर पेश किया जाता है, लेकिन आखिर क्या कारण है कि खुद दिल्ली सरकार के अधिकारी, नेता, विधायक आदि अपने बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए यहां के सरकारी स्कूलों को तरजीह नहीं देते। अब हालत यह है कि आम लोगों के बच्चों की तादाद भी इन स्कूलों में कम हो रही है। दिल्ली सरकार शिक्षा पर अपने बजट का बीस फीसद से अधिक खर्च करने और शिक्षकों को विदेशी संस्थानों से प्रशिक्षण दिलाने का दावा करती है। दिल्ली की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन का खूब प्रचार किया जाता है। विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों को ही नहीं, विदेशी प्रतिनिधिमंडलों को भी यहां का शिक्षा माडल देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है। दिल्ली सरकार इस सबका बढ़-चढ़ कर दिखावा भी करती है। लेकिन क्या वास्तव में यहां के स्कूलों में इतना बदलाव आया है कि उन्हें उदाहरण के तौर पर देखा जा सके? सरकार के दावों के उलट सूचना का अधिकार कानून यानी आरटीआइ से मिले आंकड़े इसका निराशाजनक जवाब देते हैं। इसके मुताबिक, राजधानी के सरकारी स्कूलों में मौजूदा सत्र के दौरान विद्यार्थियों की संख्या में तीस हजार तक की कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की कुल संख्या जहां सत्रह लाख नवासी हजार तीन सौ पचासी थी, वहीं वर्ष 2023 में यह घटकर सत्रह लाख अठावन हजार नौ सौ छियासी रह गई। खास बात यह है कि उत्तर-पश्चिम और मध्य दिल्ली को छोड़ पूरे शहर के स्कूलों में विद्यार्थियों की कमी का रुझान एक जैसा है। सवाल यह है कि अगर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए नजीर है, तो फिर यहां बच्चों का स्कूलों से मोह भंग क्यों हो रहा है। दिल्ली की 'आप' सरकार ने लगभग तीन दर्जन स्कूलों को 'डाक्टर बीआर आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस' का दर्जा दिया है। ये वे स्कूल हैं, जिनमें दिल्ली शिक्षा बोर्ड के तहत विशेष विषयों की पढ़ाई होती है और इनमें आधारभूत ढांचा और सुविधाएं भी अन्य स्कूलों के मुकाबले बेहतर कही जा सकती हैं। आप सरकार इन्हीं स्कूलों को देश-दुनिया के सामने रखकर दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का दम भरती है। लेकिन क्या इतने भर से पूरे शहर की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के दावे को हकीकत मान लिया जाए? कोविड महामारी के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बच्चों का निजी स्कूलों से निकाल कर सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया था। इसकी वजह से बीते तीन अकादमिक वर्षों में सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या पंद्रह लाख से बढक़र अठारह लाख के करीब पहुंच गई थी। लेकिन अब सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की तादाद तेजी से कम हो रही है तो क्या इससे यह पता नहीं चलता कि शिक्षा की गुणवत्ता इस स्तर की नहीं है कि लोग अपने बच्चों को वहीं पढने दें?

अर्ज किया है..!

हाँ ठीक हैं मैं अपनी
अना का मरीज़ हूँ
आख़िर मिरे मिज़ाज में
क्यूँ दख़्ल दे कोई

-जॉन एलिया

सत्य-प्रेम-करुणा...



व्यासपीठ से अक्सर कहा जाता है जहां तक हो सके मौन रहना। मौन ऐसा कि जिसमें किसी परम तत्व की स्मृति बनी रहे। ये अभ्यास से आता है। जीवन में थोड़ा मौन रहना सीखें। चौबीस घंटे में एक घंटा या फिर सप्ताह में एक दिन। साल में कुछ दिन या फिर हमारा जन्मदिन आए तो जितनी हमारी उम्र हो, उतने घंटे मौन रखें। शुरूआत में मौन थोड़ा तंग करेगा लेकिन अभ्यास से मौन भीतर के साथ एक संवाद रचने लगता है।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

Parenting

बच्चों पर चिल्लाने वाले पेरेंट्स हो जाएं सावधान

मानसिक और शारीरिक विकास पर पड़ सकता है बुरा असर

माता-पिता बच्चों की गलतियों पर उन्हें डांटकर समझाने की कोशिश करते हैं। यह बच्चों को समझाने का पिटाई से बेहतर तरीका माना जाता है पर असल में चिल्लाने का असर उनको मानसिक पीड़ा देने जैसे होता है। जो अभिभावक बच्चों पर चिल्लाते हैं, वे उनको आत्महत्या, नशीली दवाओं के उपयोग और जेल जाने तक के जोखिम को बढ़ावा देते हैं।

चाइल्ड एब्यूज एंड नेग्लेक्ट जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, बच्चों से कठोरता से बात करना दुर्व्यवहार के एक रूप में पहचाना जाना चाहिए क्योंकि इससे भारी नुकसान होता है। व्यस्क लोगों का बुरा बर्ताव बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है। इसका असर शारीरिक दंड देने जैसा ही होता है।

शोध में सामने आया कि करीब 40 फीसदी लोग अपने बचपन में मौखिक दुर्व्यवहार का अनुभव करते हैं। अध्ययन के सह-लेखक प्रोफेसर शांता आर दुबे ने कहा, अक्सर वयस्क इस बात से अनजान होते हैं कि उनके चिल्लाने के लहजे और 'बेवकूफ' और 'आलसी' जैसे शब्दों से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ब्रिटेन के 20,556 लोगों पर यह अध्ययन किया गया। इन लोगों से बचपन में उनके साथ हुए व्यवहार को लेकर सवाल किए गए थे।

New Delhi

दिल्ली पुलिस की कार्रवाई: न्यूज क्लिक से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी, इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस-मोबाइल जब्त

नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली-एनसीआर में स्पेशल सेल की टीम ने छापेमारी की है। स्पेशल सेल की टीम ने न्यूज क्लिक के परिसरों पर छापा मारा है। जानकारी के मुताबिक, तीस से ज्यादा जगहों पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। छापेमारी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस, मोबाइल जब्त किए हैं। न्यूज क्लिक पर विदेशी फंडिंग के मामले में केस दर्ज हुआ था।

मिली जानकारी के मुताबिक, एनडीटीवी के पूर्व प्रबंध संपादक औनिंद्यो चक्रवर्ती, उर्मिलेश और अभिसार शर्मा को आतंकी संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं सांस्कृतिक कार्यकर्ता सोहेल हाशमी के घर पर पुलिस ने छापा मारा। न्यूज क्लिक के सीईओ प्रबीर पुरकायस्थ के घर पर भी पुलिस ने रेड मारी है। साथ ही भाषा सिंह और तीस्ता के घर पर भी छापेमारी चल रही है। वहीं अभी तक गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अगस्त के महीने में न्यूज क्लिक के चीन से संबंध मामले को उठाया था और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस, चीन और न्यूज क्लिक एक ही गर्भनाल का हिस्सा हैं। राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के लिए उनका प्यार देखा जा सकता है। वे भारत विरोधी एजेंडा चला रहे थे। 2021 में हमने न्यूज क्लिक के बारे में खुलासा किया था कि विदेशी प्रचार कैसे भारत के खिलाफ हो रहा है। इस भारत विरोधी अभियान में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उनके समर्थन में आए हैं। चीनी कंपनियां मोगुल नेविल रॉय सिंघम के माध्यम से न्यूज क्लिक को फंडिंग कर रही थी, लेकिन उनके सेल्समैन भारत के कुछ लोग थे, जो उनके समर्थन में आए जब उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

Jammu & Kashmir

जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ भीषण मुठभेड़, दो जवान घायल, छिपे हो सकते हैं 4 आतंकी

श्रीनगर, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर में राजौरी के कालाकोटे इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। डिफेंस प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने बताया कि आतंकियों पर नजर रखने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों से इस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। जंगल और झाड़ियों की वजह से आतंकी बच रहे हैं और भारी गोलीबारी कर रहे हैं। इसके बाद कालाकोटे इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना का ऑपरेशन शुरू हो गया।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जंगल मे चार आतंकी छिपे हो सकते हैं जिनके पास भारी मात्रा में गोला बारूद भी है। सोमवार शाम को ही आतंकियों के साथ यह मुठभेड़ शुरू हो गई थी। सबसे पहले सेना ने ब्रोह और सूम जंगली बेल्ट को खाली करवा लिया था। पहले सर्च ऑपरेशन चलाया गया और फिर आतंकी गोलीबारी करने लगे।

इससे पहले 12 और 13 सितंबर को राजौरी के ही नारला इलाके में मुठभेड़ हुई थी जिसमें दो आतंकियों को मार गिराया गया था। वहीं 12 सितंबर को ही एक अन्य ऑपरेशन में एक आतंकी को मारा गया था।

Rajasthan

मिट्टी में दब कर दो मासूम भाइयों की दम घुटने से मौत

पाली, (एजेंसी) , (एजेंसी) पाली जिले में सोमवार को हुए हादसे में टीले पर खेल रहे दो भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। मिट्टी में दोनों 10 और 11 साल के बच्चे धंस गए। दम घुटने से उनकी मौत हो गई। पाली जिले के रायपुर मारवाड़ कस्बे के निकट यह हादसा हुआ, और घर के निकट ही मिट्टी के टीले पर खेल रहे दो भाई मिट्टी ढहने से उसके नीचे दब गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाबूर कीरो की ढाणी में अपने घर के पास को रुपाराम चौकीदार का 10 वर्षीय पुत्र लक्की और माणकराम चौकीदार का 11 वर्षीय पुत्र सूरज (11) घर के निकट ही स्थित मिट्टी के ढीले पर खेल रहे थे, जबकि घर से बड़े सदस्य मजदूरी पर गए हुए थे। इस दौरान अचानक इस टीले की मिट्टी ढह गई और दोनों भाई मिट्टी के ढेर के नीचे दब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। खेलने गए बच्चे जब घर नहीं लौटे, तो एक बच्चे की मां नारायणी देवी बच्चों को ढूंढने आस-पास गई, लेकिन उसे कहीं बच्चे दिखाई नहीं दिए।

Uttarpradesh

एएमयू में बर्थडे पार्टी में भिड़े दो गुट, ताबड़तोड़ फायरिंग में डाक्टर समेत 3 घायल

अलीगढ़, (एजेंसी) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में सोमवार देर रात दो गुट आपस में भिड़ गए। इस दौरान कई राउंड हुई फायरिंग में एक ही गुट के तीन छात्र गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे प्रकरण में जांच में जुटी हुई है। एएमयू के बीएम हॉल में देर रात कुछ छात्र एक साथी का जन्मदिन मना रहे थे, तभी वहां पर 8-10 नकाबपोश हमलावर बाइकों पर सवार होकर आ पहुंचे। उन्होंने कई राउंड ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और भाग गए। कुछ देर बाद से नॉर्थ हॉल से फोन के जरिए हमलावर छात्रों ने समझौते के लिए छात्रों को बुलाया।

आरोप है कि जैसे ही एसएस नार्थ हॉल में दूसरे गुट के छात्र पहुंचे, तभी फिर से फायरिंग शुरू हो गई। कई राउंड हुई फायरिंग में मुरादाबाद के डॉ सादिक अली जो एसीएन कॉलेज से बीएमसी की पढ़ाई कर रहे हैं, किसी काम के सिलसिले में बीएम हॉल पहुंचे थे। इसी बीच हुई फायरिंग में सादिक घायल हो गए। ताबड़तोड़ फायरिंग में फिरोज आलम निवासी धोर्रा थाना क्वार्सी, अब्दुल्ला निवासी पुरानी चुंगी छर्रे लगने से घायल हो गए। साथी छात्रों ने घायलों को जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। फायरिंग एवं हंगामा की खबर पर एएमयू की प्रोक्टोरियल टीम भी मौके पर पहुंच गई। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि फायरिंग की घटना में तीन छात्र घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है।

खेल

भारत ने नेपाल को 23 रन से हराया; यशस्वी का शानदार शतक, साई किशोर ने डेब्यू मैच में बनाया रिकॉर्ड

हांगझोऊ, (एजेंसी) एशियाई खेल 2023 में भारतीय क्रिकेट जीत ने विजयी आगाज किया है। अपने पहले मैच में भारत ने नेपाल को 23 रन से हराया है। शीर्ष वरीयता वाली टीम होने के कारण भारत को सीधे क्वार्टर फाइनल में खेलने का मौका मिला और टीम इंडिया ने नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 202 रन बनाए। इसके जवाब में नेपाल की टीम नौ विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी। भारत के लिए बल्ले से यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया और 49 गेंद में 100 रन की शानदार पारी खेली। गेंद के साथ रवि बिश्नोई और आवेश खान ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, भारत के लिए पहला मैच खेल रहे रवि साई किशोर ने फील्डिंग में रिकॉर्ड बनाया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 202 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 100 रन का योगदान दिया। रिंकू सिंह ने 37, ऋतुराज और शिवम दुबे ने 25-25 रन बनाए। नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ने दो विकेट लिए। सोमपाल कामी और लामिछाने को एक विकेट मिला। इसके जवाब में नेपाल की टीम नौ विकेट खोकर 179 रन ही बना पाई। सबसे ज्यादा 32 रन दीपेंद्र सिंह ने बनाए। संदीप जोरा और कुशल मल्ला ने 29, कुशल भुर्तेल ने 28 और करण ने 18 रन का योगदान दिया। इस वजह से नेपाल की टीम भारत को टक्कर देने में सफल रही। भारत के लिए रवि बिश्नोई और आवेश खान ने तीन-तीन विकेट लिए। अर्शदीप को दो और आर साई किशोर को एक विकेट मिला।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की। यशस्वी और ऋतुराज की जोड़ी ने पावरप्ले में 63 रन जोड़ लिए। यशस्वी तेजी से रन बना रहे थे और 22 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं, ऋतुराज अच्छी लय में नहीं थे। वह 23 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हुए। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने उन्हें रोहित के हाथों कैच कराया। तीसरे नंबर पर आए तिलक वर्मा 10 गेंद में दो रन बनाकर आउट हो गए। जितेश शर्मा भी पांच रन बनाकर चलते बने। शिवम दुबे ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर भारत का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया।

यशस्वी ने 48 गेंद में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। हालांकि, इसके बाद ही वह आउट हो गए। अंत में रिंकू सिंह और शिवम दुबे ने 22 गेंद में 52 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम का स्कोर चार विकेट पर 202 रन तक पहुंचाया। रिंकू सिंह 15 गेंद में चार छक्के और दो चौकों की मदद से 37 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, शिवम दुबे ने 19 गेंद में नाबाद 25 रन बनाए। नेपाल के लिए दीपेंद्र सिंह ने दो और सोमपाल, संदीप ने एक-एक विकेट लिया।

सिनेमा

खूबसूरत दिखने का जुनून बना श्रीदेवी की मौत की वजह? बोनी कपूर ने 5 साल बाद बताया उस रात का सच

बोनी ने कहा- उनपर शेप में रहने का जुनून सवार होता था. उन्हें अच्छा दिखने की चाहत थी. वो चाहती थीं कि हमेशा शेप में रहें. चाहे ऑन-स्क्रीन हो या ऑफ-स्क्रीन, वो अच्छी दिखती थीं. और वो हमेशा अच्छा दिखना चाहती थीं. इसके लिए वो अक्सर अपने आपको भूखा रखती थीं. वो कई बार क्रैश डाइट किया करती थीं.

श्रीदेवी की मौत कैसे हुई, अचानक दुबई में ऐसा क्या हुआ जो उनकी जान चली गई? बताया गया था कि टब में डूबने से उनका देहांत हुआ था. लेकिन फैंस को ये वजह आजतक हजम नहीं हो पाई. क्योंकि उनके परिवार में से कोई भी इस बारे में बोलने को राजी नहीं था. लेकिन अब पहली बार श्रीदेवी के फिल्म मेकर पति बोनी कपूर ने ये राज खोला है. उन्होंने बताया कि आखिर कैसे वो हादसा हुआ और क्या थी उनकी मौत की असली वजह?

बोनी कपूर ने द न्यू इंडियन को दिए इंटरव्यू में सभी मुद्दों पर खुलकर बात की और बताया कि उस रात आखिर हुआ क्या था? बोनी ने बताया कि वो आज भी श्रीदेवी को बेहद मिस करते हैं, क्योंकि वो उन मोमेंट्स को देखने के लिए आज नहीं हैं, जो वो हमेशा से चाहती थीं. उनके कहने पर ही बोनी ने रीजनल सिनेमा में कदम रखा. बेटी जाह्नवी कपूर की सक्सेस, छोटी बेटी खुशी कपूर का डेब्यू...बोनी ने बताया कि ये सब उन्हीं का सपना था. बोनी बोले- मेरी लगातार 6 फिल्में साउथ में रिलीज हुई है, सब हिट हुई हैं. लेकिन ये सक्सेस देखने के लिए श्री का यहां ना होना बहुत खलता है. इसलिए मैंने उनकी ये फोटो यहां लगाई है.

Highlights

1. *Murder, not deaths: Priyanka on 24 deaths in Maha govt hospital*
2. *Social media star J&K DSP, who was praised by Centre, took money from LeT: FIR*
3. *Shopkeeper abused, slapped for asking BJP councillor to pay in UP*
4. *Thousands lost ₹200 cr in crypto fraud in Himachal over 5 yrs*
5. *Empty e-bus gutted in fire in Mumbai's Airoli, video surfaces*

Microsoft CEO Satya Nadella is US govt's star witness in landmark case against Google

NEW DElHI, (Agency). Microsoft Corp. Chief Executive Officer Satya Nadella said that the notion that users have choice in the search market is "bogus," as he took the stand Monday in the Google antitrust trial.

"You get up in the morning, you brush your teeth and you search on Google," Nadella said.

We're now on WhatsApp. Click to join.

The Department of Justice has accused Alphabet Inc.'s search division of unlawfully maintaining a monopoly by paying $10 billion a year to rivals, smartphone manufacturers and wireless carriers to make its search engine the default option on mobile devices and web browsers. Google has denied the allegations.

To help prove its case, the DOJ hopes to use testimony from Nadella and other executives from Microsoft to show how even a company

of its size and resources couldn't unlock Google's hold on the search market.

Last week, Microsoft business development executive Jonathan Tinter testified that the Redmond, Washington-based software giant failed to secure a deal to put its Bing search app on Apple's products, even though it was willing to offer far better terms than Google and lose multiple billions of dollars on the agreement. In the end, Apple signed a fresh deal with Google.

Tinter also told the court that Microsoft's Surface Duo smartphone was required to use Google search in order to license the Android mobile operating system and was limited from using Bing on its own devices. Nadella was personally involved in discussing some of these issues with his Google counterpart, Sundar Pichai, and will probably be asked about those conversations.

Nadella was instrumental in the development of Bing, created by Microsoft in an ultimately doomed attempt to catch up with Google and capture a chunk of the online advertising market.

Who was Harpal Randhawa, Indian billionaire who died in Zimbabwe plane crash?

NEW DElHI, (Agency). Indian billionaire Harpal Randhawa and his son were among six people who lost their lives after a private plane they were flying in crashed in southwestern Zimbabwe. While the police are yet to disclose the identities of the deceased, noted Zimbabwean journalist-filmmaker Hopewell Chin'ono revealed Harpal and Amer Randhawa as two of the victims. Their memorial service will take place on Wednesday, Chin'ono

added, citing an invitation from the Randhawa family.



We're now on WhatsApp. Click to join.

Who was Harpal Randhawa?

(1.) He was the owner of RioZim, a wholly-owned Zimbabwean company that produces gold, coal, toll refines nickel and copper. The ill-fated aircraft, that crashed on September 29, belonged to RioZim.

(2.) The Cessna that took off from Harare, the capital and largest city, was on its way to the Murowa diamond mine, also partly owned by the company. The crash took place when the aircraft was nearing its destination, and all six people on board were killed.

(3.) According to Randhawa's LinkedIn profile, he was also serving as the Chairman of GEM Holdings, founded by him in July 1993. GEM Holdings, a private equity firm, is now worth $4 billion.

(4.) As per Ajay Bagga, Chairman, Elyments Platforms Private Limited, Harpal was planning another venture in India.

(5.) Amer Randhawa, meanwhile, was a trained pilot and was travelling as a passenger on the flight.

गोवंश की हत्या को लेकर हंगामा

थाने का घेराव कर की नारेबाजी, देर रात एफआईआर के बाद उठे बजरंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। के खुड़ैल में सोमवार रात जमकर हंगामा हुआ। यहां एक गोवंश की गला काटकर हत्या कर दी गई। शव मिलने के बाद हिंदूवादी इकट्ठा हो गए। इस मामले में जमकर हंगामा किया। सूचना के बाद यहां अफसर भी मौके पर पहुंचे। देर रात तक उन्हें समझाने का प्रयास किया। जिसमें एफआईआर दर्ज करने के बाद ही हिंदूवादी वहां से हटे साथ ही उन्होंने आरोपियों पर रासुका के साथ मकान तोड़े जाने की भी बात की। फिलहाल अफसर रातभर इलाके में ही डटे रहे।

मामला काजी पलासिया का है। यहां गोवंश का गला कटा शव पड़ा मिला। सूचना के बाद यहां काफी हिंदूवादी इकट्?ठा होने लगे। मामले की जानकारी लगने पर बजरंग दल मालवा प्रांत के तन्नू शर्मा के साथ इंदौर से कई कार्यकर्ता पहुंचे और थानों के बाहर बैठकर नारेबाजी की। बाद में एएसपी रूपेश द्विवेदी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हिंदूवादियों से बात की। वहीं हिंदूवादियों ने बताया कि लगातार इस तरह की घटनाएं गांव में बढ़ रही है। एसीपी ने विशेष चैकिंग चलाने की बात की। वहीं आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की बात भी की।

पशु क्रूरता अधिनियम में केस दर्ज

रात में हिंदूवादियों के डटे रहने पर अफसरों ने आरोपियों पर पशु क्रूरता अधिनियम तहत कार्रवाई की। एफआईआर की कॉपी लेने के बाद ही हिंदूवादियों ने हंगामा खत्म किया। पुलिस की जांच में अब्दुल और चांद नाम के दो युवकों नाम सामने आए हैं। जिनकी जमीन पर गोवंश को काटा जा रहा था। इस मामले में अफसरों ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की बात कही है।

सातवी के छात्र से अप्राकृतिक कृत्य, आरोपी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 13 साल के एक बच्चे के साथ अननैचुरल सेक्स का मामला सामने आया है। आरोपी ने बच्चे को जबरदस्ती घर में ले जाकर उसके साथ गंदी हरकत की। इतना ही नहीं आरोपी ने उसे चुप रहने के लिये रुपए भी दिए। बच्चे ने रुपए फेंक दिए और घर आ गया। बाद में उसने अपने पिता को पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद पिता और परिजनों आरोपी के घर पहुंचे और पकडक़र उसकी धुनाई कर दी। आरोपी की पिटाई करते हुए उस थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी पर अननैचुरल सेक्स की धारा में केस दर्ज कर लिया। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने आरोपी पर गंभीर धाराएं नहीं लगाई हैं।

मामला छत्रीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहीं इलाके में रहने वाले 13 साल के एक नाबालिग को उसके पिता थाने लेकर पहुंचे। बच्चे ने बताया कि इलाके में रहने वाले मुन्ना उर्फ चुन्ना खुरासिया ने उसके साथ गलत हरकत की है। शिकायत मिलते ही पुलिस बच्चे के बताए हुए पते पर पहुंची। यहां आरोपी पहले से मौजूद था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

बच्चे ने बताया कि 29 सिंतबर को वह शाम के समय स्टेशनरी का सामान लेने घर से निकला। इस दौरान मुन्ना ने बुलाया और हाथ पकडक़र घर के पीछे कमरे में ले गया। जब बच्चे ने वहां लाने का कारण पूछा तो आरोपी ने उसके कपड़े उतारकर उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाये। इसके बाद मुन्ना ने सौ रूपये बच्चे को दिए और कहा कि यह बात किसी को नहीं बताए। नहीं जान से मार देगा। इस घटनाक्रम से डरा हुआ नाबालिग घर आ गया। डर के चलते उसने यह बात अपने परिवार को नहीं बताई। सोमवार को हिम्मत जुटाकर बच्चे ने अपने पिता को पूरी बात बताई। जिसके बाद परिवार मामले में केस दर्ज कराने थाने पहुंचा। पुलिस आरोपी से हिरासत में पूछताछ कर रही है।

टंट्या मामा के बोर्ड के साथ छेड़छाड़

◆शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम नांदेड़ में असामाजिक तत्वों ने केमिकल पदार्थ डालकर जननायक टंट्या मामा के बोर्ड पर आग लगा दी। जानकारी लगने पर आदिवासी समाज के लोगो ने मामले की शिकायत पुलिस को की है।

भील सेना संगठन के ओम डाबर ने बताया कि शहीद टंट्या भील चौराहा नांदेड़ फाटे पर शहीद टंट्या भील के नाम से एक आदिवासी समाज का बोर्ड लगा हुआ था। रविवार रात्रि में किसी असामाजिक तत्व ने बोर्ड में कुछ केमिकल डालकर टंट्या मामा का नाम हटा दिया। जिससे आदिवासी समाज के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है,और समाज में काफी आक्रोश पैदा हो रहा है। किसी असामाजिक तत्व ने हमारी मानवीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए जानबूझकर ऐसा कृत्य किया गया है।

भील सेना संगठन के लोगों ने बडगोंदा थाना प्रभारी से मामले कि शिकायत की है। संगठन के लोगों ने थाना प्रभारी से कहा कि जिस किसी भी असामाजिक तत्व ने यह कृत्य किया है उस पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए,जिससे आदिवासी समाज में आक्रोश पैदा न हो और समाज और गांव में शांति व्यवस्था बनी रहे। मामले में थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी का कहना है आवेदन को जांच में लिया गया है। ऐसा कृत करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

नव विवाहिता की खुदकुशी में पति पर केस दर्ज

इंदौर। एमआईजी इलाके में एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामले में पुलिस ने पति सहित ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पिछले माह रुस्तम का बगीचा में रहने वाली रानी वर्मा ने फांसी लगा ली थी । उसके परिजनों के पुलिस ने बयान लिए तो पता लगा कि पति भारत वर्मा, देवर आकाश वर्मा और सास रामप्यारी बाई लगातार रानी को यातनाए दे रहे थे । उससे दहेज में लाखों रुपए की मांग की जा रही थी । वह अपने घर से पैसा नहीं ला पा रही थी तो उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। रानी ने इसी परेशानी से तंग आकर फंदा लगा लिया था।

दो बाइक चोर पकड़ाए

इंदौर। क्राइम ब्रांच टीम ने नशे के लिए वाहन चुराने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध मरीमाता चौराहे पर चोरी की पेंशन प्रो मोटर साईकल से घूम रहे है तथा इसे बेचने की फिराक में हैं । टीम ने बाणगंगा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जितेन्द्र उर्फ जीतू , यादव नगर बाणगंगा एवं मुकुल उर्फ गोलू वर्मा,गोविंद कॉलोनी बाणगंगा को पकड़ा। इनके पास गाड़ी के कोई दस्तावेज नहीं थे। पूछताछ में आरोपियों ने बाइक चुराना स्वीकार किया। इनसे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

मॉल की पार्किंग में मारपीट

इंदौर। मल्हार मेगा माल की पार्किंग में युवक युवतियों के साथ मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो रविवार रात का बताया जा रहा है। इस मामले में वरिष्ठ अफसरों ने वीडियो के बाद मारपीट कर रहे युवकों की जानकारी निकालने पर केस दर्ज करने की बात कही है। विजयनगर पुलिस के पास मल्हार मेगा मॉल के बाहर पार्किंग का एक वीडियो पहुंचा है। जिसमें कुछ युवतियों के साथ आए युवकों ने लात घूंसो से बुरी तरह से दूसरे पक्ष के युवकों के साथ मारपीट की। इस मारपीट में युवतियां भी विवाद करते नजर आ रही है। पुलिस ने इस मामले में वीडियो की जांच शुरू की है।

सी-21 मॉल पर हुई थी छेड़छाड़- पिछले सप्ताह मल्हार मेगा माल के पास ही सी-21 मॉल की पार्किंग में एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर रहे तीन युवकों ने मारपीट की थी। पुलिस ने इस मामले में बजरंग नगर में रहने वाली युवती की शिकायत पर तीनो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वरिष्ठ अफसरों ने मॉल ओर पब को लेकर विशेष चेंकिग व्यवस्था लगाने की बात भी की थी। इसके बावजूद फिर से यहां मारपीट की घटना हो गई।

महिला का मोबाइल लूटकर ले गए बदमाश

इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाली एक महिला के साथ एक्टिवा सवार दो युवकों ने वारदात कर दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के बाद आरोपियों की तलाश की जा रही है। इधर तिलक नगर में रात में अपने डॉग को घूमा रही महिला के साथ भी बदमाश मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अन्नू आहूजा निवासी विद्या नगर ने बताया कि दशहरा मैदान के यहां वह एक होटल से खाना खाकर घर जा रही थी। तभी एक्टिवा सवार दो बदमाश उनके हाथ से पर्स लूट कर ले गए। जिसमें 4 एटीएम, मोबाइल और कैश रुपए के साथ अन्य डॉक्यूमेंट रखे थे। तिलक नगर में रहने वाले मन्दीप भाटिया ने बताया कि वह आंचल नगर के यहां अपने डॉग को घूमा रही थी। तब वह अपने मोबाइल पर बात कर रही थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।